भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †2115
सोमवार, 5 अगस्त, 2024/14 श्रावण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति

†2115. श्री अरुण भारतीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विशेष रूप से बिहार राज्य में ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति के उद्देश्यों और बजट आवंटन का ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत में इस कार्यनीति के अंतर्गत विकसित किए गए ग्रामीण होमस्टे की कुल संख्या के आंकड़े क्या हैं;

(ग) इस कार्यनीति के कारण ग्रामीण पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रासंगिक आंकड़ों द्वारा समर्थित प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने स्थानीय ग्रामीण कैफे के लाभ के लिए कोई योजना शुरू करने की योजना बनाई है और बिहार राज्य के जमुई संसदीय क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन को विकसित करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): ग्रामीण होमस्टे संवर्धन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति के उद्देश्य निम्नानुसार हैं:

i. आनुभविक पर्यटन के लिए आगन्तुकों की बढ़ती हुई आवश्काताओं को पूरा करना।
ii. ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमशीलता और रोजगार के अवसर सृजित करना।
iii. ग्रामीण होमस्टे के संवर्धन के माध्यम से सतत, उत्तरदायी और समावेशी पर्यटन का संवर्धन करना।
iv. ग्रामीण कला एवं शिल्प, संस्कृति, इको-पर्यटन और प्रकृति पर्यटन के अन्य रूपों का संवर्धन करना।

ग्रामीण होमस्टे संवर्धन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति से संबंधित कार्यकलापों पर होने वाले व्यय की प्रतिपूर्ति मंत्रालय के मौजूदा बजट/योजनाओं से की जाती है। इसके लिए अलग से कोई निधि आबंटित नहीं की गई है।

(ख) से (घ): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत थीमेटिक परिपथों में से एक के रूप में ग्रामीण परिपथ की पहचान की है। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से दिशा-निर्देशों के अनुसार परिपथ के अंतर्गत विकास के लिए ग्रामीण पर्यटन सहित, पर्यटन संबंधी अवसंरचना विकास हेतु परियोजनाओं/प्रस्तावों की पहचान की जाती है। इस योजना के ग्रामीण परिपथ के अंतर्गत बिहार राज्य में मंत्रालय द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय विभिन्न पहलों के माध्यम से समग्र रूप से भारत का संवर्धन करता है। वर्तमान में चल रही गतिविधियों के हिस्से के रूप में; ग्रामीण होमस्टे और ग्रामीण पर्यटन का भी संवर्धन किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया संवर्धन के माध्यम से विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और ग्रामीण पर्यटन उत्पादों का भी नियमित रूप से संवर्धन करता है।

*****

अनुबंध

श्री अरुण भारती द्वारा ग्रामीण होमस्टे को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय कार्यनीति के संबंध में दिनांक 05.08.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. †2115 के भाग (ख) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

बिहार राज्य के लिए स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाएं

(राशि करोड़ रु. में)

राज्य का नाम	**वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**भौतिक स्थिति**
बिहार	(2017-18)	गांधी परिपथ का विकास: भितिहरवा - चंद्रहिया - तुरकौलिया	44.27	40.31	पूर्ण

*****